दुर्ग सोमवार 3 जनवरी 2022

चिन्तक

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री ट्रॉफी 2022 के पोस्टर का किया विमोचन

रायपुर (चिन्तक)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम यहां अपने निवास कार्यालय में धमतरी जिले में आयोजित होने वाले रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता-मुख्यमंत्री ट्रॉफी 2022 के पोस्टर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ट्रॉफी के संयोजक आनंद पवार ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि इस टूर्नामेंट का आयोजन 16 जनवरी से 26 जनवरी 2022 के बीच धमतरी जिले के मिशन ग्राउंड में किया जा रहा है, जिसमें धमतरी जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 80 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ट्रॉफी का आयोजन आनंद पवार फैंस क्लब और मॉर्निंग क्रिकेट क्लब धमतरी के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ी को भेंट किए जाने वाले बल्ले पर अपने हस्ताक्षर करते हुए इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सकुश गुप्ता, गुरु गोपाल गोस्वामी, गौतम वाधवानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

भूमिपूजन संपन्न

कोरबा (चिन्तक)। ग्राम मैनपार देवलपाठ में आज अखिल भारतीय आदिवासी धनवार समाज के द्वारा अपने ईष्ट देवी. देवता, करम देव पूजा स्थापना व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम समाज उत्थान के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम रखा गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ननकीराम कंवर पूर्व गृहमंत्री, विधायक रामपुर क्षेत्र द्वारा 10 लाख के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन मैनपार देवलपाठ में किया गया। साथ ही धनवार समाज को आगे बढ़ने व छत्तीसगढ़ के मुलधरोहर को इसी तरह बनाएं रखने का आग्रह किया।

वार्ड, बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों को कराया जा रहा सेनेटाईज

कोरबा (चिन्तक)। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन के साथ ही नगर निगम प्रशासन एलर्ट मोड़ पर आ गया है। कलेक्टर मती रानू साहू के मार्गदर्शन एवं आयुक्त कुलदीप शर्मा के निर्देश पर निगम द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव व सुरक्षा हेतु वार्ड, बस्तियों, सार्वजनिक स्थानों व कार्यालयों में सेनेटाईजेशन का कार्य पुन: प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके तहत दर्जनों वार्ड एवं बस्तियों तथा शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों को सेनेटाईज किया गया।

यहाँ उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण के मामले फिर से बढ़ने शुरू हो गए हैं। इन बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। एक ओर जहाँ संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सेनेटाईजेशन का कार्य प्रारंभ किया गया है, वहीं दूसरी ओर लोगों को समझाईश देने एवं कोविड गाईड लाईन का पालन कराने हेतु प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाएं जा रहे हैं। देखने में आ रहा है कि लोग कोरोना के बढ़ते मामलों के प्रति अभी गंभीर नहीं हैए वे बिना मास्क पहने घरों से बाहर सार्वजनिक स्थानों में पहुंच रहे हैं तथा कोविड प्रोटोकाल का पालन नहीं किया जा रहा हैए इस दिशा में जिला एवं निगम प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए लोगों को लगातार समझाईश दी जा रही है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने सेनेटाईजेशन की दिशा में त्वरित रूप से कदम उठाते हुए विभिन्न वार्ड, बस्तियों, बस स्टापों, बस स्टैण्ड, निगम के उद्यानों एवं वहाँ पर स्थित उपकरणों, शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, निगम कार्यालय साकेत, विभिन्न जोन कार्यालय, जिला अस्पताल व अन्य अस्पतालों, सुलभ शौचालयों के साथ विभिन्न भीडभाड़ वाली जगहों व सार्वजनिक स्थानों में सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया।

कलेक्टर मती रानू साहू, महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त कुलदीप शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए घर से बाहर निकलने पर मास्क अवश्य लगाएंए सार्वजनिक स्थानों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा शासन प्रशासन द्वारा समय.समय पर जारी किए गए कोविड प्रोटोकाल का अनिवार्य रूप से पालन करते हुए कोरोना संक्रमण से बचें तथा दूसरों को भी संक्रमित होने से बचाएं।

प्रबंध संचालक मार्कफेड एवं सचिव ने धान उपार्जन केन्द्र अंजोरा एवं रेंगाकठेरा का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (चिन्तक)। प्रबंध संचालक मार्कफेड एवं सचिव मार्कफेड रायपुर श्रीमती किरण कौशल ने आज राजनांदगांव जिले के धान उपार्जन केन्द्र अंजोरा एवं रेंगाकठेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में भंडारित धान को कैप कव्हर एवं तालपत्री से ढककर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में धान खराब न हो इसका ध्यान रखा जाये। उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव डीओ एवं टीओ के माध्मय से त्वरित गति से कराये जाने के निर्देश दिये।

अब तक 485101 मिट्रिक टन धान खरीदी की गई

जिला खाद्य अधिकारी द्वारा प्रबंध संचालक को अवगत कराया गया कि जिले में खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर किसानों से अब तक 485101 मिट्रिक टन धान उपार्जन किया जा चुका है। उपार्जित धान में से राईस मिलर्स द्वारा 63079 मिट्रिक टन एवं परिवहनकर्ता द्वारा संग्रहण केन्द्र हेतु 73405 मिट्रिक टन कुल 136484 मिट्रिक टन धान का उपार्जन केन्द्रों से उठाव किया जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले के 7 संग्रहण केन्द्रों में भंडारित धान को आकस्मिक वर्षा से कोई नुकसान नहीं हुआ है। संग्रहण केन्द्रों में पूरी तरह से कैप कव्हर से सुरक्षित ढक कर रखा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सुनील वर्मा ने बताया कि जिले के 149 धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी उपार्जन केन्द्र में आकस्मिक वर्षा से कोई नुकसान नहीं हुई है।

ग्राम औंधी सरखेड़ा में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (चिन्तक)। मानपुर विकासखंड के अंतिम छोर दूरस्थ ग्राम औंधी सरखेड़ा में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया। इस अवसर पर पद्मडॉ. पुखराज बाफना प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. मिथिलेश शर्मा साथ रहे। राजनांदगांव के उदयाचल संस्थान और संस्कार श्रद्धांजलि संगठन ने निदान और उपचार के लिए आधुनिक चिकित्सा युक्त एम्बुलेंस उपलब्ध कराई। नक्सल प्रभावित एवं वनांचल क्षेत्रों में बहुआयामी स्वास्थ्य शिविर था। कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को खान-पान के संबंध में परामर्श दिया गया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किशोरियों को सलाह दी गई कि वे स्वयं की देखभाल कैसे करें। समाजसेवी संजय जैन ने कुपोषित बच्चों को किट प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा मानपुर विकासखंड में कुपोषण को दूर करने के लिए सघन सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान फलदायी सिद्ध हुआ और अधिकांश कुपोषित बच्चे अब सामान्य और सुपोषित की श्रेणी में आ गए हैं। सरखेड़ा में आयोजित शिविर जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित अभियान का एक हिस्सा है। इस अवसर पर 254 लोगों और 50 कुपोषित बच्चों की जांच की गई। संस्कार श्रद्धांजलि के अध्यक्ष सतीश भट्टाद ने बच्चों को ऊनी कपड़े और जूते वितरित किए। इस मौके पर अध्यक्ष उदयाचल संस्थान प्रकाश जैन, समाजसेवी गौ सेवक तेजकरण जैन, अध्यक्ष संस्कार श्रद्धांजलि सतीश भट्टड़, नरेंद्र तायवड़े, जनपद सीईओ डीडी मंडले, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन, परियोजना अधिकारी आईसीडी अर्चना दुर्गम, ब्लॉक स्रोत समन्वयक जाहिदा खान, बीपीएम रामकुमार विश्वकर्मा, चंदन सिंह राजपूत, सरपंच सरखेड़ा सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में जनपद सीईओ ने सभी गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट की।

मुख्यमंत्री बघेल से विशेष पुलिस महानिदेशक आर के विज ने की सौजन्य मुलाक़ात

रायपुर (चिन्तक)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में विशेष पुलिस महानिदेशक आर के विज ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल ने आज वर्ष 2021 के अंतिम दिवस पर 31 दिसम्बर को शासकीय सेवा से सेवानिवृत हो रहे विज को पुलिस सेवा के लंबे कार्यकाल में अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने पर बधाई दी और नए वर्ष में सेवानिवृत्ति उपरांत उनके सुखमय जीवन की कामना की।

हाट बाजार में जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी देखकर ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर की

खास-बात

ग्राम मार्री के हाट बाजार में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

राजनांदगांव (चिन्तक)। शासन के तीन वर्ष पूरा होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनसामान्य तक पहुंचने के लिए आज मोहला विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम मार्री के हाट बाजार में फोटो प्रदर्शनी लगाई गई।

हाट बाजार में ग्राम मार्री के अलावा अन्य ग्रामों के ग्रामवासियों ने भी शासन की योजनाओं जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित शासकीय योजनाओं की जानकारी संबंधित पुस्तिका, जनमन पत्रिका, ब्रोसर, पाम्पलेट्स का नि:शुल्क वितरण किया गया। गांव की सरपंच श्रीमती गैंदकुंवर ठाकुर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। महिलाओं ने फोटो प्रदर्शनी में विशेष रूचि ली। किसान, बच्चे एवं युवाओं ने भी फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

ग्राम भोजटोला से आए ग्रामीण प्रीतम लाल गौंड़ ने बताया कि मुझे सरकार की योजना के अतंर्गत वन अधिकार अधिनियम के तहत 4 एकड़ वन भूमि मिली है। पहले मैं दो एकड़ में खेती करता था। अब मेरी वार्षिक आय 30 हजार रूपए से बढ़कर 1 लाख 20 हजार रूपए हो गई है। अब हमारी आमदनी पहले से बहुत अच्छी हो गई है। श्रीमती बदनबाई भारद्वाज मितानिन हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना के समय उन्होंने गांव में घूम-घूम कर लोगों को कोरोना से बचाव की जानकारी दी है। अब कोरोना से सुरक्षा के लिए वैक्सीन आ गई है, जो अच्छा है। सरकार हमारे गांव तक इस प्रदर्शनी के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए आई है। उन्होंने इसके लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमती मोनिका साहू ने कहा कि योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार हमारे गांव में स्टाल लगा रही है, यह ग्रामवासियों के लिए बहुत ही उपयोगी व लाभप्रद है।

इस अवसर पर सहायक ग्रेड-3 मच्छेन्द्र महाले, भृत्य भूपेन्द्र साहू ने शासन के योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम की महिलाएं मोनिका साहू, सुहानबाई कोरटिया, श्रीमती शकुनबाई भुआर्य, ईशलाई साहू, शानबाई यादव, बिमलाबाई शलीम और सुमित्राबाई, जमुनाबाई हिरवानी, रामवती बाई, ललिता बाई नायक, रेखाबाई, शाहदराबाई, लल्लेश्वरी बाई एवं ग्राम मुरेर की भी बहुत सी महिलाओं ने भी फोटो प्रदर्शनी देखी तथा नि:शुल्क किताबें एवं पॉम्पलेट प्राप्त की। सभी ने खुशी जाहिर करते हुए फोटो प्रदर्शनी को सराहा।

लड़की को पसंद नहीं था लड़का सगाई के बाद की खुदकुशी

मामला

करेली बड़ी चौकी क्षेत्र के चन्द्रसूर गांव की घटना

धमतरी/मगरलोड (चिन्तक)। युवती को जिस युवक के साथ सात फेरे लेने थे उसको मंजूर नहीं था। वह लड़के को पसंद नहीं करती थी। युवती ने सुसाइट नोट लिखकर अपने कमरे के सीलिंग पंखा में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

चौकी प्रभारी एसआई संतोष साहू ने बताया कि ग्राम चन्द्रसूर निवासी प्रेमकुमारी साहू उम्र 19 वर्ष पिता रिझन साहू ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। गुरूवार को युवती की माँ की तबियत खराब थी वह अपने छोटे लड़के के साथ ईलाज करवाने के लिए नयापारा अस्पताल गयी हुई थी। पिता दोपहर में खाने के बाद बस्ती तरफघूमने गया था। थोड़ी देर बाद घर वापस आया तो देखा

कि उसकी पुत्री अपने कमरे के सीलिंग पंखा में दुपट्टा से फांसी लगा ली है।

इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। युवती की एक माह पहले सगाई हुई थी। मानिकचौरी हसदा ससुराल जाने वाली थी। 23 जनवरी 2022 को शादी होने वाली थी। करेली बड़ी पुलिस ने आगे बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पंचनामा पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सुसाइट नोट मिला घटना स्थल में युवती के पास से सुसाइड नोट मिला जिसमें युवती ने लिखा है कि जिस लड़के के साथ शादी होने वाला था उसको पसंद नहीं था।

लंबित पेंशन प्रकरणों के निपटारे के लिए 10 से पेंशन निराकरण सप्ताह

कोरबा (चिन्तक) कोरबा जिले के सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारियों-अधिकारियों के पेंशन प्रकरणों के निपटारे के लिए 10 जनवरी 2022 से 14 जनवरी 2022 तक पेंशन निराकरण सप्ताह का आयोजन होगा। इस पूरे सप्ताह शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को तैयार करने, तैयार पेंशन प्रकरणों में कमियों आदि को दूर करने पर विशेष ध्यान रहेगा। इस दौरान संबंधित विभाग के आहरण संवितरण अधिकारियों को पेंशन प्रकरणों के प्रभारी लिपिक सहित कोषालय में उपस्थित होना होगा। लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय बिलासपुर में किया जाएगा।

जिले के वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जी.एस. जागृति ने बताया कि कोष लेखा एवं पेंशन संचालनालय द्वारा शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक मंजूरी देकर स्वायत्त्वों आदि के भुगतान की कार्रवाई पर प्रशासन का विशेष जोर है। शासकीय सेवा से सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर पेंशन की मंजूरी के लिए प्रकरणों की समीक्षा और संविक्षा करने निराकरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कोष लेखा एवं पेंशन संचालनालय द्वारा इसके लिए जरूरी चेकलिस्ट और आवश्यक दस्तावेजों की पूरी जानकारी भी जारी की गई है। इस पूरे सप्ताह लंबित पेंशन प्रकरणों की

गांजा तस्करी करते 6 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (चिन्तक)। ओडिशा से गांजा लेकर रायपुर आ रहे गांजा तस्करों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस को सूचना मिली की ओडिशा के कुछ तस्कर गांजा लेकर रायपुर जाने वाले हैं। वो देवभोग के रास्ते रायपुर की तरफजाएंगे। यह पता लगते ही पुलिस ने चेकिंग शुरू की। तरीकरों को पुलिस ने गरियाबंद में ही दबोच लिया है।पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को पकड़ा है।पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वह सभी ओडिशा के रहने वाले हैं। पुलिस ने इस मामले में शंकर सॉरी, भरत सॉरी, सोबी उर्प सैयद मोहम्मद सोहेब, समीम खान, छोटू खान और नवीन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों से 13 किलो गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 1 लाख 30 हजार रुपए है। वहीं कार और मोबाइल को भी जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 10 लाख 50 हजार रुपए है। पुलिस ने कुल मिलाकर इस मामले में 11 लाख 80 हजार रुपए का माल जब्त किया है।

कोरबा जिले में शुक्रवार को मिले 14 कोरोना संक्रमित

कोरबा (चिन्तक)। जिले में शुक्रवार को कोरोना संक्रमितों की संख्या कुछ कम दर्ज हुई है।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक कटघोरा ग्रामीण से 1, शहर से 2, कोरबा शहर से 10 एवं पाली ब्लॉक से एक संक्रमित दर्ज हुआ है। संक्रमित लोगों में 9 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं। दर्ज किए गए नए संक्रमितों में कटघोरा ब्लाक अंतर्गत वार्ड नंबर 15, कावेरी विहार एनटीपीसी एवं बांकीमोगरा के हैं। कोरबा शहर से बालको, ऑफिसर्स कॉलोनी एसईसीएल कोरबा, बालको नगर, आईटीआई रामपुर, गांधी चौक, शारदा विहार पावर इंपीरिया, टीपी नगर एवं पाली ब्लॉक के वार्ड 14 से संक्रमित पाए गए हैं। इन संक्रमितों को उनके लक्षण अनुसार होम आइसोलेशन पर रखने अथवा कोविड अस्पताल में भर्ती कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने चंदूलाल चंद्राकर की जयंती पर किया उन्हें नमन

रायपुर (चिन्तक)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में पूर्व लोकसभा सांसद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पत्रकारिता के पुरोधा चन्दूलाल चन्द्राकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर कोंडागांव विधायक श्री मोहन मरकाम, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री रामगोपाल अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे ।बघेल ने चन्दूलाल चंद्राकर द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए किये गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण सर्वदलीय मंच के अध्यक्ष के रूप में श्री चंदूलाल ने राज्य आंदोलन को नयी दिशा दी। चन्द्राकर लोकसभा के लिए पांच बार निर्वाचित हुए और लगातार आम जनता की सेवा करते रहे। उन्होंने पर्यटन, नागरिक उड्डयन, कृषि, ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री का दायित्व संभालते हुए अनेक उल्लेखनीय काम किए।

लोन लेने के लिए ITR बनवाए मात्र 500/- रू. में
जी.एस.टी. रिटर्न | FOOD लायसेंस
इनकम TAX फाईल | MSME रजिस्ट्रेशन
TDS रिफन्ड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिगनेचर
सम्पर्क- शेखर गुप्ता WWW.ONLYTDS.COM
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद करने हेतु तैयार
9300755544, 8878655544